दिनांकः 12.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –युवा शक्ति जल्द ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य के 11 युवाओं को यूथ आइकॉन अवार्ड से नवाज़ा।
- मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव में 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तेज ठण्ड का असर जारी–अगले दो–तीन दिन तापमान में और गिरावट के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही उसे एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 के अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें नई पीढ़ी पर भरोसा है और वो सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगी।

...............

प्रधानमंत्री ने कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत समय से पहले कई क्षेत्रों में अपने लक्ष्यों को पूरा कर रहा है।

..................

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिन के विकसित भारत युवा नेता संवाद ने युवाओं को विकसित भारत के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच दिया है। इस कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने देश भर के तीन हजार ऊर्जावान युवा नेताओं से बातचीत की। विकसित भारत संवाद ने युवा नेताओं को देश के भविष्य को आकार देने के बारे में अपने

विचार साझा करने के साथ नीति निर्माताओं और  राष्ट्रीय तथा वैश्विक हस्तियों से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान किया है ।

000

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। महोत्सव को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणा स्त्रोत है।

................

उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के मन में दृढ संकल्प शक्ति होती है वह निश्चित ही अपने सपनो को साकार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 युवाओं को यूथ आइकन अवॉर्ड्स दिये। मुख्यमंत्री ने युवा साथी केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमारे देश और प्रदेश का युवा अपना लक्ष्य हांसिल करने के लिए किसी भी सीमा से बंधा हुआ नहीं है। समारोह में राज्य मंत्री के.के. विश्नोई और सचिव नीरज के पवन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं प्रदेश के विभिन्न शहर और कस्बों में स्वामी विवेकानन्द को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। अलवर में अशोक सर्किल पर स्थित विवेकानन्द की मूर्ति पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। बारां, चूरू सहित कई जिलों में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि वही शिक्षा सार्थक है जो विद्यार्थी की शारीरिक, बौद्धिक तथा भावात्मक शक्तियों का विकास करे। श्री बागडे आज जयपुर में विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाने की बजाय रोजगार देने वाले राष्ट्र निर्माता बनाए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का निर्माण करना चाहिए, जिनसे विद्यार्थी अध्ययन के समय ही अपनी रूचि के व्यावसायिक कौशल में दक्ष हो सकें।

000

..................

युवा दिवस पर आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 13 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों के पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपें। ये नियुक्तियां चिकित्सा विभाग, वित्त, गृह, राजस्व और शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर की गई है।

इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर आयोजित रोजगार उत्सव कार्यक्रमों से मुख्यमंत्री वर्चुअली रूप से जुड़े। उत्सव को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के हित और रोजगार को लेकर कई फैसले किये हैं।

..................

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 हजार करोड़ रुपये के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी मौजूद रहे।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया। पाली में प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रोजगार उत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को वर्चुअली सुना। वहीं हनुमानगढ़, जैसलमेर, झालावाड़, अलवर, अजमेर में भी आज रोजगार उत्सव का आयोजन हुआ। भीलवाडा में आयोजित उत्सव में उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। जालौर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के दौरान 161 कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

000

बीकानेर में चल रहा ख्याति प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय ऊंट महोत्सव का आज सम्पन्न होगा। तीन दिन तक चले इस महोत्सव के दौरान ऊंटों की विभिन्न प्रतियोगिताएं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

................

000

प्रदेश मे बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने के समाचार हैं। आज कहीं–कहीं मध्यम से घना कोहरा छाया रहा और कुछ स्थानों पर शीत से अतिशीत दिन भी दर्ज किया गया। अधिकतर जिलो का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस के आस–पास बना रहा। सबसे कम 6 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान जैसलमेर में रिकॉर्ड किया गया। तेज ठण्ड को देखते हुए पाली जिले में जिला कलेक्टर ने 13 और 14 जनवरी को सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों

का अवकाश घोषित किया है। वहीं जयपुर जिले में भी कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की कल की छुट्टी रखी गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2–3 दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से सर्दी का असर और बढ सकता है। साथ ही मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 14 जनवरी से एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है।

...................

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम '**मन की बात**' इस बार 19 जनवरी को होगा। आकाशवाणी से ये कार्यक्रम दस वर्ष से भी अधिक समय से प्रसारित हो रहा है। इस महीने इसकी 118वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, 17 जनवरी तक तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

000